# पंजाब केसरी (Punjab Kesari)

| दिनांक (Dated): 27.05.2025 | पृष्ठ सं० (Page No). 07 | क्रम सं०(Serial No.) |
| --- | --- | --- |


## हर भारतीय के लिए प्रेरणा है गीता समोटाः भट्टी



**नई दिल्ली**, (पंजाब केसरी) :केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) मुख्यालय में सोमवार को माउंट एवरेस्ट फतह कर लौटी महिला उप निरीक्षक गीता समोटा का भव्य स्वागत किया गया। इतिहास रचने वाली गीता समोटा पहली सीआईएसएफ कर्मी हैं, जिन्होंने 19 मई को दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर भारत का तिरंगा फहराया। इस अवसर पर सीआईएसएफ के महानिदेशक राजविंदर सिंह भट्टी ने विशेष समारोह के दौरान उन्हें 'महानिदेशक डिस्क' और 5 लाख रुपये की नकद पुरस्कार राशि प्रदान कर सम्मानित किया। बल के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम में गर्व, प्रेरणा और सम्मान का माहौल देखने को मिला। महानिदेशक ने इस उपलब्धि को अभूतपूर्व बताते हुए कहा, गीता समोटा की यह विजय न केवल सीआईएसएफ के लिए बल्कि पूरे देश के लिए गौरव का विषय है। वह खासकर महिलाओं और युवाओं के लिए एक जीवंत प्रेरणा बनकर उभरी हैं। उन्होंने आगे घोषणा की कि अगले वर्ष सीआईएसएफ एक पूर्ण पर्वतारोहण दल को माउंट एवरेस्ट पर भेजेगा, जिससे साहसिक खेलों को संगठन में और अधिक बढ़ावा मिलेगा। समारोह के दौरान भावुक होते हुए गीता समोटा ने कहा, सीआईएसएफ जैसे सशक्त और प्रगतिशील बल का हिस्सा बनना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। महानिदेशक महोदय की प्रेरणा और बल के निरंतर सहयोग ने मुझे यह सपना पूरा करने में सक्षम बनाया। मैं भविष्य में भी सीआईएसएफ के पर्वतारोहण अभियानों में पूरी निष्ठा से योगदान दूंगी।